कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, वन प्रभाग, अयोध्या

पत्रांक 1940 /14–4 दिनांकःअयोध्याः 02/12/2023

सेवा में,

परियोजना निदेशक,
भा0रा0रा0प्राधिकरण,
पयियोजना कार्यान्वयन इकाई,
कमला भवन, हनुमन्त पुरम्, निकट
त्रिपुला चौराहा, रायबरेली।

विषयः– अयोध्या बाईपास (उत्तरी एवं दक्षिणा बाईपास) 4/6 लेन के निर्माण में फैजाबाद वन प्रभाग में प्रभावित 1.586 हे0 संरक्षित वन भूमि के गैरवानिकी प्रयोग एव बाधक 83 वृक्षों के पातन, बस्ती वन प्रभाग में प्रभावित 0.513 हे0 संरक्षित वन के गैरवानिकी प्रयोग एव बाधक 185 वृक्षों के पातन तथा गोण्डा वन प्रभाग में प्रभावित 0.381 हे0 संरक्षित वनभूमि के गैरवानिकी प्रयोग एवं बाधक 319 वृक्षों के पातन की अनुमति के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः– आपके कार्यालय का पत्रांक NHAI/PIU-Rbly/Ayodhya bypass/Forest/2023/29005 दिनांक 21.11.2023 जो इस कार्यालय को 30.11.2023 को प्राप्त हुआ, इस कार्यालय का पत्रांक 988/14–4 दिनांक 20.09.2023 व वन महानिरीक्षक (केन्द्रीय), भारत सरकार का पत्रांक 8बी/यू0पी0/06/303/2022/एफ.सी/340 दिनांक 08.09.2023, मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी उ0प्र0 लखनऊ का पत्रांक 2062/11–सी–FP/UP/Road/151936/2022, लखनऊ दिनांक 19.12.2022 व पत्रांक 704/11–सी–FP/UP/Road/151936/2022 लखनऊ दि0 14.09.2023।

आपके उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र द्वारा भारत सरकार के सन्दर्भित पत्र द्वारा लगाये गये कमियों/अभिलेखों का बिन्दुवार निराकरण कर आख्या प्रेषित की गयी है जो अपूर्ण है। उक्त आख्या में भारत सरकार द्वारा लगाये आपत्तियों के बिन्दु संख्या–5 के निराकरण हेतु जो स्कीम प्रेषित की गई है परन्तु उसमें धनराशि का आगणन नही किया गया है जो कि अति आवश्यक है। यदि आपके पास पौधरोपण की धनराशि प्रदशित करते हुए कोई प्राक्कलन प्रचलित है तो उसको भेजने का कष्ट करें उक्त के अतिरिक्त प्राक्कलन तैयार करने हेतु तीनो जनपदों अयोध्या, बस्ती व गोण्डा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले मार्ग की लम्बाई व चौड़ाई अलग–अलग अपेक्षित है। कृपया शीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें ताकि प्रकरण में अग्रेतर कार्यवाही की जा सके।

अतः पत्र आपको इस आशय से प्रेषित है कि उक्त कमियों का निराकरण कर संशोधित पूर्ण बिन्दुवार निराकरण आख्या पाँच प्रतियों में इस कार्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करें जिससे अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

संलग्नक–उपरोक्तानुसार।

(सितान्शु पाण्डेय)
प्रभागीय वनाधिकारी
वन प्रभाग, अयोध्या।

पत्रांक 1940 /उक्तदिनांकित।

प्रतिलिपि–प्रभागीय वनाधिकारी, गोण्डा वन प्रभाग एवं बस्ती वन प्रभाग को रोडसाइड वृक्षारोपण हेतु प्राक्कलन तैयार करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि–उप प्रभागीय वन अधिकारी, वन प्रभाग अयोध्या को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(सितान्शु पाण्डेय)
प्रभागीय वनाधिकारी
वन प्रभाग, अयोध्या।

Scanned with OKEN Scanner